तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 24 मई 2025

10 फन विद फिजिक्स कैंप में छात्रों ने समझा ...

11 समाधान शिविर में 2711 हितग्राही हुए लाभान्वित




## खपरी भ में संध्या चौपाल का आयोजन, समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरी भ में सुशासन संध्या चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने सरकार के योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। रोहासी मंडल अध्यक्ष विजय कोशले ने कहा कि सुशासन संध्या चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के योजनाओं को जन जन तक पहुंचने के लिए और लोगों को जागरूक करने के लिए यह सांध्य चौपाल कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा हैं। पूर्व उपसरपंच मुकेश झा ने कहा कि शासन की जन कल्याण योजनाएं जन-जन तक पहुंचना चाहिए ताकि सभी को लाभ मिले सभी व्यक्तियों को नल जल आवाज सहित विभिन्न योजना का लाभ मिले और जिन व्यक्तियों को अब तक आवास या पेंशन अन्य योजना का लाभ नहीं मिला है वह पंचायत में आकर पंचायत में अपना आवेदन दें, ताकि नियम अनुसार प्रशासनिक कार्रवाई कर आगे बढ़ाएंगे। हम सभी को मिलजुल कर पंचायत का कार्य को करना है, ताकि हमारा गांव स्वच्छ एवं निर्मल रहे। इस अवसर पर जनपद सदस्य अनसुईया मुकेश चंद्राकर, सरपंच दिनेश मारकंडे, भरुवाडीह सरपंच खिलेश्वर घृतलहरे, दुखू निषाद, भवानीपुर उपसरपंच फागू राम सेन, जितेन्द्र कुमार निषाद, दारुलाल, उपसरपंच ▸▸ शेष पेज 11 पर

### चौपाल में दी शासकीय योजनाओं की जानकारी और बांटी सामग्री




#### निर्मला रजक ने समाधान शिविरों की शुरुआत की

महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 5 से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संध्या चौपाल, छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन, पारदर्शिता और जनसंवाद की नीति को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। इसके माध्यम सेप्रदेशवासियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत खपरी भ के सरपंच दिनेश कुमार मारकंडे ने की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह समाधान शिविर सुशासन तिहार के तीसरे चरण का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

### खबर संक्षेप



#### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पलारी।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह करीब 7.30 बजे पलारी-बालसमुंद रोड पर शराब भट्ठी के आगे हुई। जानकारी के अनुसार मृतक राकेश कुमार सागरवंशी 29 वर्ष पिता नंदकुमार सागरवंशी, निवासी भरूवाडीह थाना पलारी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 एई 3703 से पलारी होते हुए बलौदी की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे रेत से भरे ट्रैक्टर सीजी 04 एमयू 4210 ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राकेश कुमार के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है तथा चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। इस दुर्घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

#### अर्जुनी में मेन रोड किनारे नाली टूटी दुर्घटना की आशंका



**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत अर्जुनी में मेन रोड किनारे एडीबी के तहत नालियां बनी हुई है जो अब क्षतिग्रस्त हो रही है। भट्टर कॉलोनी जाने के मार्ग पर स्थित नाली जो बुरी तरह टूट कर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसमें लगे हुए राड दिखाई दे रहे जिससे रात में दुर्घटना की आशंका बनी है। भट्टर कॉलोनी के निवासी प्रतिदिन इसी मार्ग से आना-जाना करते हैं नाली टूटी हुई है वह गड्ढे का आकार में दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त नाली की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

#### ठेलकी में कुर्मी समाज की क्षेत्रीय बैठक आज

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की क्षेत्रीय बैठक ग्राम इकाई ठेलकी बाड़ा में 24 मई शनिवार को प्रातः 10 बजे से रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता समाज की प्रथम महिला राजप्रधान सुनीता वर्मा करेंगी।यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के लिए दिशा तय करने का अवसर है। महाधिवेशन में पारित प्रस्तावों की समीक्षा और लंबित प्रकरणों के निराकरण पर गहन चर्चा की जाएगी, जो समाज के भीतर पारदर्शिता और संगठनात्मक मजबूती लाने के लिए आवश्यक है। सचिव प्रदीप बघमार एवं मीडिया प्रभारी महेश वर्मा ने बताया कि यह बैठक समस्त स्वजतियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी समाजबंधुओं से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।


#### चाकू लहराकर डराने वाला गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली के देशी शराब दुकान के पास चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चाकू लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा राज बारिक ऊर्फ राजकुमार (23) को पकड़ा।

### आतंक : धान फसल को पहुंचाया नुकसान, वन विभाग ने जारी की चेतावनी

## अर्जुनी-महराजी वन क्षेत्र में पहुंचा 28 हाथियों का दल, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी



अर्जुनी-महराजी वन परिक्षेत्र अंतर्गत छातापहाड़, महराजी और गिधौरी पठार सर्किल के जंगलों में 27 से 28 हाथियों का झुंड लगातार विचरण कर रहा है। बीते एक सप्ताह से यह झुंड वन क्षेत्र में सक्रिय है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।

> धान की फसल को पहुंचाया नुकसान वन विभाग ने जारी की चेतावनी

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात ग्राम महराजी में हाथियों के एक दल ने दो किसानों की धान की फसल को रौंदते हुए भारी नुकसान पहुंचाया। खेतों की फसल को पूरी तरह सफाचट कर दिया गया है। वर्तमान में हाथियों का यह झुंड गिधौरी पठार और छातापहाड़ के आसपास घूमते देखा जा रहा है। कुछ हाथी गिंदोला की ओर रुख कर चुके हैं।

ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग की ओर से मुनादी कराकर लोगों को जंगल की ओर न जाने की सख्त समझाइश दी गई है। विभाग ने सावधानी बरतने की अपील करते हुए लोगों को घरों के आसपास सतर्क रहने को कहा है। देवपुर वन विभाग रेंज से हाथी मित्र टीम मौके पर पहुंच चुकी है और हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जंगलों में सर्चिंग की जा रही है।गनीमत यह रही कि अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन किसानों की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान जरूर पहुंचा है। वन विभाग हाथियों की आवाजाही को ट्रैक कर रहा है ताकि भविष्य में किसी बड़ी घटना से बचा जा सके।

## शराबियों ने की गाली गलौज और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



ग्राम भरसेला में एक महिला द्वारा घर के सामने शराब पीने से मना करने पर दो युवकों ने न केवल अश्लील गाली-गलौज की, बल्कि जान से मारने की धमकी देते हुए महिला एवं उसके पति के साथ मारपीट की। सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

> ■ दो युवक गिरफ्तार, घर के सामने शराब पीने मना करने पर दोनों आरोपियों ने किया विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी नोहर कुमार निर्मलकर 30 और मोहनीश वर्मा उर्फ मोनू वर्मा 21, दोनों निवासी ग्राम शुक्लाभाठा, उसके घर के सामने आकर शराब सेवन करते हैं। 9 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे जब दोनों शराब पी रहे थे, तब प्रार्थिया एवं उसके पति ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। इस पर दोनों आरोपी आगबबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए। उन्होंने प्रार्थिया और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की।

घटना की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 331, 296, 351, 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने गाली-गलौज, धमकी और मारपीट की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों को 23 मई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## फूटी पाइप लाइन मरम्मत में बिजली की चोरी, मोटर सहित संयंत्र की सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा



नगरपालिका सिमगा के शिवनाथ नदी से तिल्दा स्थित बजरंग पावर प्लांट को पानी की सप्लाई होती है। जिसका पाइप लाइन फटने से विगत 5 दिनों से सिमगा तिल्दा मार्ग में स्थित देशी शराब दुकान से ओव्हर ब्रीज तक घुटनों तक पानी भर गया। एक तरफ जीवन दायिनी शिवनाथ नदी में घुटनों तक पानी नहीं है, वहीं पावर प्लांट को प्रतिदिन पानी की सप्लाई होती है। उसमें से पाइप फटने से हजारों लीटर पानी यूं ही बर्बाद हो गया। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली को इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर आकर काम बंद करवाते हुए बिजली विभाग के एई संतराम पटेल व जेई सौरभ देवांगन को इसकी सूचना दी। जिस पर एई के निर्देशानुसार बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल मौके पर पहुंच बिजली चोरी कर पानी निकालते हुए उसके कर्मचारियों सहित 3 एचपी के मोटर पंप, 40 फीट केबल वायर सहित अन्य सामग्रियों को जब्त किया।

जेई सौरभ देवांगन ने बताया कि जप्त सामानों ▸▸ शेष पेज 11 परकी

## जिला पंचायत सदस्यों ने ली जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार




जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा की सामान्य सभा की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू सदस्यगण सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। बैठक के दौरान विकास कार्यों पर चर्चा के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रति जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक शपथ ली।

> ■ जिपं की सामान्य सभा में हर बूंद के महत्व को समझने का लिया संकल्प

इस अवसर पर जल संरक्षण की महत्ता को रेखांकित करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों ने पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजने, उसे एक अमूल्य धरोहर मानने तथा इसके उचित उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, मित्रों, पड़ोसियों एवं ग्रामीणों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित जल उपलब्ध रह सके।

बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने की। उन्होंने जल संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से इसके प्रचार-प्रसार का ▸▸ शेष पेज 13 पर


### तूफान और बारिश से धान और सब्जी की फसलें चौपट



**मुंडा।** बलौदाबाजार क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में इन दीनों ग्रीष्मकालीन फसल धान व सब्जी लगायी गई है। जेठ का माह में तपती धूप के बजाय आए दिन शाम होते ही तेज आंधी व बारिश के चलते धान की फसल बुरी तरह से तहस-नहस हो गई है। मुंडा के कृषक कुबेर वर्मा, अशोक वर्मा ने बातया कि खेत में लगाए गए धान की फसल को तूफान, बारिश के चलते भारी नुकसान पहुंचा है। संतोष वर्मा ने बताया कि उनकी ढाई एकड़ में लगी सब्जी फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

## ट्रक ड्राइवर से लूट, रुपए और मोबाइल ले भागे लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा



अज्ञात लुटेरों ने चाकू के बल पर ट्रक ड्राइवार से लूट की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना क्षेत्र सिमगा के ग्राम बनसांकरा ओवर ब्रिज के पास देर रात ट्रक ड्राइवर से लुटेरों ने चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए, जिससे कि वाहन चालकों में दहशत है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंकज कुमार शर्मा ग्राम बिजुरी जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश निवासी ने सिमगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह ट्रक ड्राईवर है, जो कि ट्रक क्रमांक सीजी 12 एएक्स 0027 में सीपत से राखड़ लोड कर दुर्ग जा रहा था, बनसांकरा ओवरब्रिज के पास लगभग रात्रि 11.30 बजे अपने ट्रक के चक्का में हवा चेक करा रहा था, उसी समय दो व्यक्ति दोपहिया वाहन से आए और प्रार्थी को चाकू दिखाकर एक मोबाइल फोन और चार सौ रुपये नगद लूट लिए एवं फोन पे का पासवर्ड भी मांग लिए। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा (3, 5), 309(4), बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। ▸▸ शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर युवाओं को मिला रोजगार का अवसर

## बल्दाकछार में ड्राइविंग ट्रेनिंग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार के दौरे के दौरान दिए गए निर्देश पर अमल करते हुए जिला प्रशासन ने स्थानीय युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह प्रशिक्षण बारनावापारा जंगल सफारी हेतु वाहन संचालन के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

शुक्रवार को ग्राम बल्दाकछार में ड्राइविंग कोर्स हेतु पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें 20 युवाओं का प्राथमिक रूप से चयन कर लिया गया। कोर्स पूर्ण करने के बाद इन युवाओं को जंगल सफारी में ड्राइवर के रूप में रोजगार का अवसर उपलब्ध होगा।

यह पहल कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत 'हम होंगे कामयाब' अभियान के तहत संचालित की जा रही है। प्रशिक्षण जय अंबे ड्राइविंग स्कूल बलौदाबाजार द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जबकि कोर्स का प्रायोजन अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी द्वारा किया जा रहा है।

ड्राइविंग प्रशिक्षण ग्राम पंचायत बल्दाकछार एवं ग्राम पंचायत बरबसपुर के इच्छुक युवाओं के लिए प्रारंभ किया गया है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी सुमित मेरावी ने जानकारी दी कि प्रथम दिवस सभी 20 अभ्यर्थियों का ओरियंटेशन व डेमो क्लास आयोजित की गई। साथ ही सभी के लर्निंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया भी पूरी की गई। एक माह पश्चात परमानेंट लाइसेंस जारी किया जाएगा। यह सम्पूर्ण प्रशिक्षण एवं लाइसेंस पंजीयन प्रक्रिया निःशुल्क है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 9 मई को बल्दाकछार के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वन विभाग को निर्देश दिए थे कि जंगल सफारी संचालन के लिए स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित किया जाए, जिससे उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर मिल सकें।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करते हुए जिला प्रशासन बलौदाबाजार ने 3 मृतकों के निकट परिजनों को कुल 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। प्रत्येक परिवार को 4-4 लाख की मंजूरी दी गई है। यह सहायता राशि राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.पी.पी.) की धारा 6-4 के तहत स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने 23 मई को यह स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत राशि आरटीजीएस के माध्यम से सीधे पीड़ित परिवारों के बैंक खातों में जमा कराई जाए। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन परिवारों को यह सहायता ▸▸ शेष पेज 11 पर

**खबर संक्षेप**



## छाबड़ा ने संभाला अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के नए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने गुरुवार को अपना पदभार डिप्टी सीएम विजय शर्मा की उपस्थिति में संभाला। मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने कहा, कुछ पद से लोग सुशोभित होते हैं परंतु अमरजीत छाबड़ा जैसे कर्मशील व्यक्ति से यह पद सुशोभित होगा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक हॉस्टल का भी उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का पद भी फंसा हुआ था। यह मामला हाईकोर्ट में था, लेकिन इसको आपसी सहमति से हल कर लिया गया, इसके बाद अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया है।

## बीरगांव में लगा समाधान शिविर



**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में गुरुवार को नगर निगम बीरगांव में समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों के स्वच्छता, स्थापना एवं राजस्व, पेयजल, विद्युत, आवास और अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी मौके पर वितरित किए गए। शिविर में विधायक मोतीलाल साहू शामिल हुए और विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराने सांसदों को पत्र

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी के 10 सांसदों को कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर पत्र प्रेषित किया। श्री उपाध्याय ने बताया, छत्तीसगढ़ के दो महत्वपूर्ण शहर रायपुर और दुर्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक एनएच संख्या, 06 पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में टोल वसूली जून 2006 से शुरू की गई। संबंधित ठेकेदार ने इस टोल वसूली को शर्तों के अनुसार 2015 तक जारी रखा, और 2015 के बाद 2020 तक कंसेशन रेट में टोल वसूला। अब नियम के अनुसार टोल वसूली की समयसीमा खत्म हो चुकी है लेकिन उसके बावजूद टोल वसूल कर रायपुर और दुर्ग की जनता पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। नियम और शर्तों के अनुसार अधिकृत तिथि 02.03.2015 को टोल वसूली समाप्त किया जाना था, लेकिन विभाग द्वारा 40 प्रतिशत बढ़ाकर इसे 16.08.2020 तक वसूली की गई। किन्तु इसके बावजूद उक्त टोल प्लाजा में अभी तक अनाधिकृत रूप से टोल शुल्क की वसूली की जा रही है, जो नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों का घोर उल्लंघन है।



## बचे धान की नीलामी जल्दी करने खाद्य विभाग ने मिलरों के साथ की बैठक

**रायपुर।** रायपुर जिले में बचे हुए धान की बिक्री जल्द से जल्द हो। इसके लिए जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने मिलरों के साथ बैठक की। रेडक्रास भवन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मिलरों को धान की नीलामी प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हालांकि इस दौरान मिलरों ने वर्ष 2023-24 के भुगतान राशि में समायोजन करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिले में लगभग 3889 क्विंटल धान शेष बचा है। शासन ने बचे धान की नीलामी का फैसला लिया है। इसके तहत मोटा धान 1900-1950 रुपए और पतला 2050-2100 रुपए निर्धारित किया है। इसी कीमत पर धान की नीलामी होनी है। बैठक में जिला विपणन विभाग के डीएमओ जसबीर बघेल, नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री लेंगे छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहली बार होगा, जब प्रधानमंत्री इस राष्ट्रीय परियोजना को लेकर सीधे चार राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक का उद्देश्य भूमि डूब, आदिवासी विस्थापन और पुनर्वास से जुड़े बढ़ते अंतर-राज्यीय तनावों के बीच सर्वमान्य समाधान खोजना है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी की सीधी भागीदारी इस गतिरोध को तोड़ने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, उनके जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री की इस पहल से अंतर-राज्यीय मतभेद दूर होंगे और परियोजना के कार्य में तेजी आएगी, जो बार-बार बाधित हो रहा है।

## 28 को होने वाली उच्चस्तरीय बैठक में खोजा जाएगा समाधान

### परियोजना से प्रभावित होगी आदिवासी आबादी

पोलावरम परियोजना को आंध्रप्रदेश के विभाजन के समय राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया था। हालांकि, परियोजना के निर्माण से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमावर्ती आदिवासी आबादी प्रभावित हो रही है। बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा जिले के लगभग 25 गांव डूब में आएंगे। बताया जाता है कि यहां की हजारों हेक्टेयर कृषि जमीन भी डूब में आएगी। ओडिशा और छत्तीसगढ़ का आरोप है कि परियोजना से कई गांवों में जल डूब की स्थिति उत्पन्न होगी, जिससे आदिवासी परिवारों का विस्थापन होगा। इस विषय को लेकर इन राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं भी दायर कर रखी हैं।



### अब तक नहीं बन सकी सहमति

वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया है। आंध्रप्रदेश सरकार ने प्रभावित गांवों के पास सुरक्षात्मक तटबंध बनाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण की पुख्ता प्रक्रिया की मांग पर अड़े हुए हैं।

### आंध्र में एनडीए सरकार बनने के बाद कार्य में आई तेजी

आंध्रप्रदेश में एनडीए सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद पोलावरम परियोजना के कार्य में फिर से गति आई है। ऐसे में केंद्र सरकार इस राष्ट्रीय परियोजना को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर ठोस प्रयास कर रही है। अब देखना यह होगा कि प्रधानमंत्री की यह पहल चारों राज्यों को एकजुट कर पाती है या नहीं, क्योंकि इस परियोजना का भविष्य काफी हद तक इस बैठक के परिणामों पर निर्भर करेगा।

## सुनवाई भी प्रभावित : लंबित मामलों की बढ़ती जा रही संख्या

# आयोगों का हाल, एससी में 7 और एसटी में चार माह से एक भी ऑर्डर जारी नहीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ में रहने वाले अनूसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की जाति के लोगों के साथ महिला वर्ग को न्याय दिलाने के लिए अलग-अलग आयोग खुले हुए हैं। इन आयोग का दरवाजा ज्यादातर ऐसे लोग खटखटाते हैं, जो कोर्ट में केस दर्ज करने पर होने वाला खर्च वहन नहीं कर पाते या फिर कई सालों तक केस चलने के कारण कोर्ट का चक्कर लगाना नहीं चाहते।

ये लोग इस उम्मीद से आयोग की शरण में जाते हैं कि उन्हें जल्दी न्याय मिले, लेकिन करीब सालभर से राज्य के कई आयोग की यह स्थिति है कि ना ही ठीक से सुनवाई हो पा रही है और न ही पक्षकारों को न्याय मिल पा रहा है, जिसके कारण आयोग में ना केवल लंबित प्रकरणों की सूची लगातार बढ़ रही है, बल्कि सुनवाई पूरी होने के बाद आर्डर तक जारी नहीं हो पा रहे हैं। सूत्र के अनुसार अनुसूचित जाति आयोग में पिछले करीब 7 माह से एक भी पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हुआ है, वहीं अनुसूचित जनजाति आयोग में भी करीब 4 माह से कोई ऑर्डर जारी नहीं हुआ है। इसका कारण इन आयोग में अध्यक्ष के रिक्त पद हैं। तत्कालीन कांग्रेस के शासनकाल में इन सभी आयोग में कांग्रेस नेताओं को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों के पद पर नियुक्त किया गया था। विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद सभी आयोग सहित निगम मंडलों में नई नियुक्ति की तैयारी शासन स्तर पर की जा रही थी। इसे लेकर आदेश भी जारी हुआ था, जबकि कई पदाधिकारियों का कार्यकाल ही समाप्त नहीं हुआ था। इसे देखते हुए कुछ आयोग के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई गई, जिनमें महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक के पक्ष में फैसला भी आया। इसके बाद से वह अपना कार्यकाल समाप्त होने तक अध्यक्ष पद पर बनी हुई हैं।




### ओबीसी आयोग में 38 प्रकरण लंबित

छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में सबसे कम 38 प्रकरण ही लंबित है। इनमें 24 प्रकरण पिछले वर्ष के हैं, वहीं 12 प्रकरण 2023 एवं 1-1 प्रकरण 2020 और 2021 के हैं। ओबीसी आयोग में भाजपा से नाथूराम निषाद को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद आयोग में लगातार सुनवाई हो रही है तथा आर्डर भी जारी किया जा रहा है।

### एससी आयोग में ढाई सौ से अधिक प्रकरण लंबित

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खांडे भी हाईकोर्ट में याचिका लगा रखी है, जिस पर फैसला आना है। बताया जा रहा है कि केपी खंडे को याचिका लगाए लगभग 3 से 4 माह हो चुका हैं, लेकिन वे करीब 7 माह से आयोग जाना ही छोड़ दिए हैं, जिसके कारण आयोग में अब उनकी जगह आयोग के सचिव द्वारा प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है। यह सुनवाई बहुत धीमे गति से की जा रही है, जिसके कारण लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़कर ढाई सौ से ज्यादा पहुंच गए हैं। इधर जिन प्रकरणों में सुनवाई पूरी हो चुकी है, उनमें भी बगैर अध्यक्ष के पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हो पा रहे हैं। इस तरह सुनवाई पूरी होने के बाद भी पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

### एसटी आयोग में सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित

अनुसूचित जनजाति आयोग में सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित है। आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो हजार प्रकरण यहां लंबित हैं। इनमें करीब दो सौ प्रकरण 8 से 10 साल पुराने हैं, वहीं सैकड़ों प्रकरण 2 से 5 साल के बीच के है। एसटी आयोग में भी पिछले लगभग चार माह से सुनवाई प्रभावित है। आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कांग्रेस शासन में नियुक्त किए गए थे। इनका कार्यकाल समाप्त हुए करीब 4 माह हो चुके हैं, लेकिन अब तक आयोग में नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। इसके कारण आयोग में पिछले चार माह से एक भी पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हो पाया है, वहीं सुनवाई भी प्रभावित हो रही है। फिलहाल आयोग के नवनियुक्त सचिव पवन नेताम प्रकरणों पर सुनवाई कर रहे हैं।

## भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा में मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा महावीर नगर स्थित अटल उद्यान से प्रारंभ होकर अमलीडीह हनुमान मंदिर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप सहित ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मुख्य रूप से शामिल हुए।

जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया, यात्रा में सभी धर्म, जाति, संप्रदाय और सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय एवं भारतीय जवान जिंदाबाद के गगनभेदी नारों के साथ हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए। श्री कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार बड़ी संख्या में आमजन तिरंगा यात्रा में शामिल हुए हैं इससे एकजुटता, देशभक्ति, सहित राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी, हम सभी एक हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी की कुशल कूटनीति के कारण पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से आरडीए अध्यक्ष नंदे साहू, अकबर अली, लीलाधर चंद्राकर, सीमा साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## आईसक्रीम दुकान में गंदगी, जुर्माना

**रायपुर।** जोन 5 क्षेत्र के चंद्रशेखर नगर के बाबी आईसक्रीम सेंटर में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देश पर टीम ने स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान गन्दगी मिली, जनशिकायत सही पायेज जाने पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित आइसक्रीम दुकान के संचालक पर तत्काल 3,000 रूपये का जुर्माना लगाया

# अब ट्रांसफर-पोस्टिंग, प्रमोशन के बाद 10 ई ऑफिस में डाटा होगा अपडेट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज में ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद पूर्व से जारी नियम-प्रक्रिया में बदलाव आने वाला है। राज्य में अब किसी अधिकारी कर्मचारी का ट्रांसफर, पोस्टिंग, और प्रमोशन के बाद उनका डाटा ई ऑफिस सिस्टम में अपडेट होगा। यह काम संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर सामान्य प्रशासन विभाग खुद 10 दिन बाद संबंधित का डाटा नव पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी की आईडी में ट्रांसफर कर देगा।

### सरकार ने जारी किया आदेश, ये होगी प्रक्रिया

इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। का गया है कि विभाग में परिवर्तन होने पर ई ऑफिस के क्रिएटेड इनबॉक्स में या फाइल रिपोजिटरी में क्लोज्ड फाइल के रूप में मौजूद सभी लेटर, रिसिप्ट




और फाईल को विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी को भेजा जाएगा। ई ऑफिस के रीसिव्ड लेटर्स में इंट्रा इआफिस के रूप में प्राप्त सभी पत्रों को डीलिट करके विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी को भेजा जाएगा। विभाग से संबंधित ई ऑफिस में उपलब्ध सभी दस्तावेज को हस्तांतरण करने के बाद पदोन्नति, पदस्थापना, भारमुक्ति आदेश का रिसिप्ट बनाकर ई ऑफिस के माध्य से संचालनालय, मैदान कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी अपने विभाग के नोडल अफसर एवं मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी सामान्य प्रशासन विभाग को ई ऑफिस में अपडेट करने के लिए सूचित करेंगे।

### सरकार ने लिया ये फैसला

इस संबंध में सरकार ने निर्णय लिया है कि स्थानांतरण आदेश के बाद 10 दिनों के पहले ई ऑफिस के सभी दस्तावेज संबंधितों को हस्तांतरण के बाद संचालनालय, मैदानी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग के नोडल ऑफिस या मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी सामान्य प्रशासन को ई ऑफिस के माध्यम से सूचित करेंगे।

### अगर सूचित नहीं किया तो ये होगा

सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश में ये भी कहा है कि अधिकारी कर्मचारी द्वारा निर्धारित समयावधि में सूचित नहीं किए जाने पर स्थानांतरण आदेश के 10 कार्यालयीन दिवस के बाद ई ऑफिस आईडी में उपलब्ध सभी लेटर, रिसिप्ट और फाइल नवपदस्थ अधिकारी-कर्मचारी के आईडी में हस्तांतरित कर ई ऑफिस आईडी संशोधन या विलोपन की कार्यवाही नोडल अफसर या सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा की जा सकेगी।

# फन विद फिजिक्स कैंप में छात्रों ने समझा भौतिकी के नियम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**




छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के 3 दिवसीय साइंस कैंप फन विद फिजिक्स में पीएम श्री भरत देवांगन सेजेस खरोरा से 7 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इन्होंने भौतिकी के विभिन्न नियमों को एक नए तरीके से समझा।

पहले दिन मुख्य रूप से प्रकाश और उसके गुणों पर केंद्रित रहा। बच्चों ने लेजर पॉइंटर दर्पण प्रिज्म और पानी के गिलास जैसी आसान वस्तुओं की सहायता से प्रकाश का सीधा गमन, परावर्तन अपवर्तन छाया निर्माण और विवर्तन जैसे सिद्धांतों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। छात्रों ने स्वयं पिनहोल कैमरा बनाकर उसकी कार्यप्रणाली का अनुभव किया।

दूसरे दिन बल, वायु, द्रव घनत्व और सतही तनाव जैसे विषयों पर आधारित था। छात्रों ने पेरिस्कोप का निर्माण किया। गैर-न्यूटोनियन द्रव बनाया और वायुदाब, सतही तनाव, क्रोमैटोग्राफी तथा साइफनिंग जैसी घटनाओं को प्रयोगों के माध्यम से अनुभव किया।

तीसरे और अंतिम दिन विद्युत चुम्बकत्व और हाइड्रोलिक सिद्धांतों से जुड़ी गतिविधियां कराई गईं। छात्रों ने सिरिंज और पाइप से हाइड्रॉलिक सिस्टम बनाकर बल के संचार को समझा। एलईडी जलाने के लिए सीरीज और पैरेलल सर्किट तैयार किए और चुम्बक व बैटरी के साथ चुम्बकीय बल रेखाओं का चित्रण किया। कैम्प का मुख्य आकर्षण अंतिम दिन आयोजित क्विज प्रतियोगिता रही, जिसमें खरोरा से गौरव साहू एंड ग्रुप को प्रथम और जारा अली एंड ग्रुप को द्वितीय स्थान मिला।

इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भौतिकी जैसे जटिल विषय को सरल रोचक और अनुभवात्मक तरीके से समझाना था, जिसे प्रोफ़ेसर डॉ. महबूब आलम एंड टीम ने बखूबी समझाया। रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस कर्मकार ने कहा कि विज्ञान को बच्चों के लिए जितना रोचक और क्रियात्मक बनाया जाए उतनी ही उनकी समझ और कल्पनाशक्ति विकसित होती है। छात्रों के साथ पीएम श्री भरत देवांगन सेजेस खरोरा से सहायक




शिक्षिका प्रीति मिश्रा उपस्थित थी, जिन्होंने विद्यार्थियों को कैंप में सम्मिलित होने के लिए प्राचार्या रजनी मिंज एवं हरीश देवांगन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मंडल के अधिकारियों की ली बैठक

# हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों में होगा सोलर एनर्जी का उपयोग, अध्यक्ष ने कार्ययोजना तैयार करने दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**



छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की कालोनियों में जल्द ही सोलर एनर्जी का भी उपयोग किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कालोनियों में सोलर एनर्जी का किस प्रकार का उपयोग किया जा सकता है, इस संबंध में मंडल के अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव की अध्यक्षता में मंडल मुख्यालय में समीक्षा बैठक हुई। दो दिवसीय बैठक का गुरुवार को अंतिम दिन था। इसमें आयुक्त अवनीश कुमार शरण (आईएएस) सहित रायपुर मुख्यालय के अलावा रायपुर, नवा रायपुर, जगदलपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अंबिकापुर से संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कई अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत समस्त योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया।

### समय-सीमा में परियोजनाएं पूर्ण करने दिए निर्देश

अनुराग सिंह ने बैठक में मंडल अंतर्गत संचालित निर्माण परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी योजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक परियोजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करें और नियमित निरीक्षण, मापन एवं परीक्षण की व्यवस्था करें।

### आकर्षक आवास उपलब्ध कराएं

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एक सुंदर घर लेने की सामान्य हितग्राही की भावना होती है। उन्होंने कहा कि इसके अनुरूप ही भवनों का एलिवेशन, कलर डिजाईन अच्छा व आकर्षक बनाए। उन्होंने कहा कि खिड़की दरवाजे के कोर अक्सर टूट जाते है,इसलिए भवनों की खिड़की व दरवाजों के चौखट ग्रेनाईट या कोटा स्टोन फ्रेम के लगाए जाए। दिव्यांगजनों के लिए निर्मित सभी रैम्प में स्टील का रैलिंग लगाया जाए, जिससे उनको सुविधा मिल सके। इन सभी प्रावधानों का सभी योजनाओं की एनआईटी में प्रावधान किया जाए। उन्होंने कॉलोनियों में बाक्स क्रिकेट का प्रावधान रखने के भी निर्देश दिए।

# औषधि वाटिका एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चैंबर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

औषधि वाटिका एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात की। साथ ही इस मौके पर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त चैंबर अध्यक्ष को नए दायित्व के लिए बधाई दी। साथ ही अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप सभी के विश्वास और समर्थन के कारण ही चैंबर को मजबूती मिलती है। उन्होंने औषधि वाटिका एसोसियेशन के प्रतिनिधिमंडल का आश्वस्त किया कि चैंबर पूरी ताकत के साथ न केवल सभी समस्याओं के जल्द समाधान का प्रयास करेगा, बल्कि सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते हुए व्यापारी हित में कार्य करता रहेगा। चैंबर भवन में हुई चर्चा में अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ औषधि वाटिका एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र हरचंदानी राजेश गुरनानी, राकेश ओचवानी, पंकज जैन, टिंकू लालवानी, अमित छाबड़ा, धर्मपाल ग्वालानी, गुलाब साहू महेश नत्थानी और राम मूलवाणी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### 13 व्यक्तियों को 17.5 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बलौदाबाजार**। जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत पीड़ितों को राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा 13 अत्याचार पीड़ितों के लिए कुल 17 लाख 50 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर स्वीकृत की गई है एवं संबंधित हितग्राहियों को पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। इसमें राकेश बांधे पिता बालचंद, ग्राम पहन्दा – 25 हजार, रामकुमार पैकरा पिता माया राम ग्राम जोगीडीपा 50 हजार, बिंदिया ध्रुव पिता राजेन्द्र ग्राम हथबंध 1 लाख, दीपक कुमार बर्मन पिता राम सिंह ग्राम मोहतरा 4,12,500, सुनीता जांगड़े पिता बसंत लाल ग्राम खैरा 1 लाख, संतोषी बर्मन पति राम सिंह ग्राम मोहतरा 4,12,500, रागिनी सोनवानी पिता विष्णु सोनवानी ग्राम अमेरा – 2 लाख, राजेश्वरी चौहान, निवासी शिवरीनारायण –3 लाख, अमीर कुमार राय पिता ताराचंद ग्राम गिधौरी 25 हजार, चंद्रशेखर महिलांग पिता बेनु महिलांग ग्राम मोहभट्ठा 25 हजार, बिसौहा सारथी पिता रविशंकर ग्राम सोनाडीह 50 हजार, हेमलाल सेवाय पिता बिसनु सेवाय ग्राम बोहारडीह 25 हजार, बृजमोहन सिंह ठाकुर पिता दयाल सिंह ग्राम मानाकोनी 25 हजार शामिल है।प्रशासन की यह पहल पीड़ितों को न्याय दिलाने एवं उनके पुनर्वास में सहायक सिद्ध होगी।
कलेक्टर ने आश्वस्त किया है कि शासन द्वारा पीड़ितों को राहत प्रदान करने की प्रक्रिया आगे भी प्रभावी रूप से जारी रहेगी।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद**। सांकरा थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक चालक को चोटें आई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम भतकुंदा निवासी तेजराम बर्मन (53) ने बताया कि वह 22 मई को बिना नम्बर की बाइक में बैठकर किराना सामान खरीददारी करने सांकरा जा रहा था। लक्ष्मी मेडिकल के सामने पुराना एनएच -6 के पास पहुंचा करीब 4 बजे विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में पीठ, कोहनी के नीचे और कमर में चोट आई है।

### कस्तूरबा विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

**महासमुंद**। शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक जिला मिशन समन्वयक विद्या साहू के निर्देशानुसार विद्यालय अधीक्षक रक्षा साहू के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। 123 छात्राओं को ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, केक ,कराते, सिलाई प्रशिक्षण, जुंबा, योगा, डांस क्लास, कंप्यूटर क्लास, कुकिंग क्लासेस, कबाड़ से जुगाड़ खेल प्रशिक्षण, रंगोली प्रशिक्षण, सुलेख प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भूपेश्वरी साहू बागबाहरा सीएससी, भूपेंद्र निराला अन्य प्रशिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशिष्ट योगदान रहा।

कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)
**ईश्तहार**
क्रमांक 3154/वा./वि.अ./2025
मुंगेली, दिनांक 22/05/2025
प्रति,
श्री निहाल मसीह आ. निकानूर मसीह, उम्र–31 वर्ष, जाति–सतनामी, निवासी ग्राम पेन्ड्रीडीह तहसील जरहागांव जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं कु. छाया साहू आ. धनीराम साहू, जाति–तेली, उम्र–28, निवासी ग्राम धरगांव तहसील कसडोल, जिला बलौदा बाजार (छ.ग.)
एतद् द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1955 की धारा–05 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना प्रकाशन सर्व साधारण के लिए किया जाता है। इस विवाह पर यदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 13.06.2025 को समय 03:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।
अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
जिला–मुंगेली (छत्तीसगढ़)

## ऋण पुस्तिका, राशन कार्ड, सब्जी बीज सहित अनेक सामग्रियों का वितरण

# समाधान शिविर में 2711 हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विकासखंड बलौदाबाजार की ग्राम पंचायत रसेड़ा में शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में योजनाओं का व्यापक लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर कुल 2711 हितग्राहियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया गया। शिविर में कुल 4864 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4832 आवेदन मांग से एवं 32 शिकायतों से संबंधित थे।

रसेड़ा कलस्टर अंतर्गत आयोजित इस समाधान शिविर में 11 ग्राम पंचायतों—डमरू, मुड़ियाडीह, बेमेतरा, रसेड़ी, रसेड़ा, ढाबाडीह, झोंका, खजुरी, मोहतरा, लटुवा एवं सोनाडीह के नागरिकों ने भाग लिया। शिविर के माध्यम से न केवल शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया, बल्कि योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं भी सीधे जनता तक पहुंचाई गईं।





शिविर में निम्नलिखित योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किए गए। जिसमें नवीन जॉब कार्ड , प्रधानमंत्री आवास योजना , राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण वितरण , आयुष्मान कार्ड/आयुष्मान वय वंदन, भिंडी व लौकी बीज वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, मृदा परीक्षण कार्ड, अन्य बीज वितरण, आइस बॉक्स वितरण, मछली पकड़ने के लिए जाल, गोदभराई व अन्न प्राशन जैसे मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, बी-1 खसरा पांचसाला, ऋण पुस्तिका, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र,स्वामित्व कार्ड, सीमांकन रिपोर्ट शामिल हैं।

शिविर के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू और रसेड़ा के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकला, भाषण, स्लोगन लेखन, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 28 छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

इसी कड़ी में नगरीय क्षेत्र के यदु धर्मशाला भाटापारा तथा विकासखंड भाटापारा, पलारी, कसडोल व सिमगा के ग्रामों तरेंगा, खरतोरा, सोनाखान एवं दुलदुला में भी समाधान शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया।

### निःशक्तों को समाज कल्याण विभाग ने वितरित किए सहायक उपकरण

**बलौदाबाजार**। सुशासन तिहार के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए गए। प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए 20 एवं 22 मई को विभिन्न विकासखंडों में आयोजित कार्यक्रमों में हितग्राहियों को उपकरण वितरित किए गए। जानकारी के अनुसार सिमगा विकासखंड के ग्राम सुहेला निवासी आरती यादव एवं भाटापारा के ग्राम मोपकी के अधन सिंह ध्रुव को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। वहीं भाटापारा के करन सेन एवं ग्राम मरदा के उमेश दिवाकर को व्हीलचेयर, रोहांसी की कौशिल्या साहू को ट्राइसिकल तथा विकासखंड कसडोल के ग्राम पुटपुरा निवासी प्रतीक साहू को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। जनपद पंचायत सिमगा के समाधान शिविर में भी सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस शिविर में विक्रम साहू, तुलाराम साहू, कोदईया निषाद एवं ग्राम बुड़गहन के बजरहीन ध्रुव को छड़ी दी गई, जबकि बलौदाबाजार के त्रिभुवन सेन एवं हरदयाल सिंह ध्रुव को व्हीलचेयर प्रदान की गई। इस वितरण कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अरविन्द गेड़ाम सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विभाग द्वारा इस पहल को दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया गया है।



# सुशासन तिहार में लोगों के बीच पहुंची विष्णु सरकार

**संडी बंगला**। सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत खरतोरा में शुक्रवारको समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आपपास के विभिन्न पंचायतों के निवासियों ने अपनी समस्याओं और मांगों को प्रस्तुति किया, जिनका संबंधित विभागों द्वारा त्वरित निराकरण किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार के तहत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना था। शिविर में कलस्टर अंतर्गत 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। कलस्टर में कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे 27 मांग एवं 3 शिकायत से संबंधित आवेदन थे।

■ मांग और शिकायतों का किया जा रहा निराकरण

छत्तीसगढ़ में आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 5 से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पलारी एसडीएम दीपक निकुंज, भाजपा मंडल दक्षिण संडी अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी प्रतिनिधि मनोज आडिल, जनपद पंचायत पलारी कृष्णा आजाद, ग्राम पंचायत खरतोरा संरपच राजेन्द्र भारती, उपसंरपंच कमलेश यदु, भोला वर्मा, घनश्याम राय, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी सभी उपस्थित थे।




## यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले अधिकारी और जनप्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत को सुसज्जित और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य को लेकर पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत अमला सख्त है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को नगर पंचायत के कार्यपालन अधिकारी, पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल सोनी थाना, प्रभारी दीपक पासवान अपने अमले के साथ नगर के मुख्य मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे। औचक निरीक्षन में बेतरतीब खड़ी गाड़ियां, रोड पर बगैर पार्किंग के खड़ी गाड़ियों को पाया, लेकिन पहली होने से गाड़ी मालिकों के साथ-साथ दुकानदारों को समझाइश दी गई। व्यापारियों से कहा गया कि वे दुकानों का सामान बाहर न निकले व बिना काम गाड़ियों को रोड पर खड़ी न करें। दोबारा पाये जाने पर यातायात नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों का कहना है ऐसे चलानी कार्रवाई होते रहना चाहिए, जिससे लोगों को कानून कायदा की जानकारी होती रहे। निरीक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरी सिंग ठाकुर, खरोरा थाना प्रभारी दीपक पासवान, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमित सेन, पार्षद जय प्रकाश वर्मा, राकेश देवांगन, नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

■ सड़क किनारे और नो पार्किंग में मिली गाड़ियां व्यापारियों को दी समझाइश

# भगवान की भक्ति में आडंबर और कपट का कोई स्थान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरनी-रावन

ग्राम मोहरा में आयोजित भागवत कथा के प्रथम दिन पं. नंदकुमार शर्मा ने कहा भागवत कथा मनुष्य को जीवन में जीने का सही रास्ता दिखाती है। कलयुग में भागवत कथा कल्पवृक्ष की भांति है, जिनके द्वारा मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम और मरणोपरांत मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान की कथा सुनने मात्र से मानव जीवन में सुखद परिवर्तन हो जाता है, बशर्ते कथा को जीवन में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तब सिध्द होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल 'मनोरंजन', कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। आचार्य शर्मा ने बताया कि जब मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्यों का जब उदय होता है तब ही उन्हें भागवत कथा श्रवण का लाभ मिल पाता है, अन्यथा कोई कितना भी प्रयास करें बिना ईश्वर की कृपा और पुण्योदय के बिना कथा का लाभ नहीं मिल पाता। श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है, जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है।




### बच्चों को कथा में लाएं

उन्होंने कहा कि ईश्वर को अभिमान व कामना रहित भक्ति ही पसंद है, जो भगवान को निःस्वार्थ प्रेम भाव से पुकारता है। भगवान फिर उसके हो जाते हैं। उन्होंने कहा की ईश्वर, व्यर्थ का दिखावा और आडंबर को पसंद नहीं करते हैं। वे तो प्रेम भाव के भूखे होते हैं।भगवान की भक्ति में, अनुराग में और सेवा में कपट का कोई स्थान नहीं है। जहां-जहां महापुरुषों ने अपनी निर्मलता बनाई वहां भगवान के दर्शन भी हुए। मनुष्य की भक्ति में क्रिया की प्रधानता नहीं है। आचार्य शर्मा ने कहा जैसे-जैसे परमात्मा की ओर मनुष्य बढ़ेगा वैसे वैसे उसका त्याग होना शुरू हो जाता है। उन्होंने श्रोताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कथा में अपने छोटे बच्चों को अवश्य लाये जिससे उनके अन्दर कथा श्रवण के साथ संस्कार का भाव उत्पन्न हो। कथा स्वभाव को बदल डालती है, कथा का प्रभाव जीवन में जब पड़ता है जब कथा का चिन्तन जागृत होता हैं। मनुष्य का जीवन पुण्य का परिणाम है।

### भागवत कथाः मोक्ष की प्राप्ति का सरल उपाय

आचार्य शर्मा ने कहा कि वास्तव में भगवान की कथा के दर्शन हर किसी को प्राप्त नहीं होते। कलियुग में भागवत साक्षात श्रीहरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है। इस कथा को सुनने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं और दुर्लभ मानव प्राणी को ही इस कथा का श्रवण लाभ प्राप्त होता है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। आचार्य जी गोकर्ण धुंधुकारी प्रसंग पर सविस्तार वर्णन किए। उन्होंने बताया कि धुंधुकारी जैसा महापापी जो कि मरणोपरांत प्रेत बन गया था जो कि भागवत कथा सुनने मात्र से उन्हें मुक्ति मिल गई और वह भवसागर को पार हो गए। उन्होंने भक्ति के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि भगवान को पाने के लिए भक्ति मार्ग ही सबसे उत्तम और सरल मार्ग है। भक्ति का मार्ग चाहे कोई भी हो उसमें श्रद्धा, भावना का विशेष महत्व है। परमानंद तक पहुंचने के लिए सबसे सरल भक्ति मार्ग है। यहां कोई अवरोध और बाधा नहीं है। सरल हृदय व निष्काम भक्ति ही फलदायी होती है। प्रभु आनंद पाने के बाद जीव के लिए संसार के सभी पदार्थों, वैभव का मूल्य दो कोड़ी का भी नहीं रह जाता। उसे ज्ञात होता है कि जिन पदार्थों को पाने के लिए वह जीवन भर दौड़ता रहा वे तो पूरी तरह केवल मृग तृष्णा के समान हैं।

# प्रीबीएड और डीएलएड परीक्षा में 7651 परीक्षार्थी शामिल, 3557 अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित प्रीबीएड और प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 मई को जिलेभर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 7651 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 3557 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में प्रीबीएड परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया गया। इसके लिए जिले में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कुल 4364 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 2842 उपस्थित रहे, जबकि 1522 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



दूसरी पाली में प्रीडीएलएड परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की गई। इस परीक्षा हेतु 26 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। कुल 6844 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 4809 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 2035 अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके।

परीक्षा केंद्रों में संपूर्ण व्यवस्था सुव्यवस्थित रही तथा शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा परीक्षा की सफलता हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

### मारपीट, गला दबाकर जान से मारने की कोशिश

**महासमुंद**। पुरानी रंजिश के चलते परिवार में विवाद, गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम खरोरा निवासी खेमनदास ढीढी ने बताया कि 19 मई की शाम करीब 7:30 बजे मेरे घर आकर झम्मन ढीढी ने पुरानी रंजिश को लेकर मुझे व बेटी दीपिका ढीढी के साथ गाली-गलौज कर जान की धमकी देते हुए मारपीट की।

# जागरण यात्रा में गूंजा गौमाता बचाओ, देश बचाओ का नारा



सुहेला। दीनदयाल गौशाला, जांगड़ा के तत्वावधान में तीन दिवसीय जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा क्षेत्र की लगभग 30 पंचायतों में निकाली गई, जिसका समापन सुहेला के महामाया चौक पर हुआ।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय प्रभारी खोड़ासराम कश्यप उपस्थित थे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, सुहेला ग्राम सरपंच प्रतिनिधि देवा घृतलहरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार, गौशाला संरक्षक सदस्य प्रेमनाथ वर्मा तथा अन्य गणमान्य नागरिक, गायत्री परिवार सदस्य एवं ग्रामीण शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को गौ माता की सेवा, संरक्षण और जैविक खेती के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम स्थल गौ माता बचाओ, देश बचाओ नारों से गूंज उठा। उपस्थित वक्ताओं ने गौ माता को हिंदू धर्म में माता के प्रतीक के रूप में बताया और गौ रक्षा को सामाजिक जिम्मेदारी बताया।

इस अवसर पर गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना भी की गई और लोगों को जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे किसानों की उपज और मिट्टी की उर्वरता दोनों बनी रह सके। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

# दो गांवों में सड़क निर्माण के लिए मिली मंजूरी

**भाटापारा**। विधानसभा क्षेत्र को अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अथक प्रयासों दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। यह विकास कार्य न केवल आवागमन को सुगम बनाएंगे, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी बल प्रदान करेंगे।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिमगा विकासखंड अंतर्गत दो सड़क मार्गों को निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसमें अड़बंधा से चंदिया पथरा मार्ग 2.40 किमी के लिए 280.69 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

वहीं अड़बंधा से करहुल मार्ग 1.80 किमी के लिए 203.50 लाख रुपये की स्वीकृति मिली। दोनों परियोजनाओं में पुल-पुलियों का निर्माण भी सम्मिलित है।

इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा कृषि, व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इन स्वीकृतियों को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। जिला महामंत्री राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत, मोहन बांधे, पवन वर्मा, नारायण साहू, मथुरा यदु, चन्द्रमणी तिवारी, छोटू यादव, कमलेश साहू, संतोष साहू, नारायण पाल, आनंद बंजारे, मनोज चौबे सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री और विशेष रूप से शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## पेज 09 के शेष

### खपरी भ में संध्या ...

हितेंद्र कोशले, सुखलाल जायसवाल, तोरण लाल मांडवी, विष्णु फेकर, खेमलाल कनौजे, ईश्वर साहू, बुधनवतीन, डीडी हिना कुर्रे, भुवन कोसरीया, भुपेंद्र सेन, राजकुमार बघेल, बंधन बघेल, समारु कोसरीया, रामदास सोनवानी, अमन सेन, हटाई राम मारकंडे, जगदीश, सुरीत चेलक, जितेंद्र निषाद, संदीप जांगड़े, ठेकेदार डहरिया सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

### फुटे पाइप लाइन ...

सूची बनाने के बाद प्लांट के कर्मचारियों द्वारा जितने दिनों से चोरी की बिजली उपयोग कर रहे थे। उसकी राशि वसूली की नोटिस संबंधित लोगों को भेज दी जाएगी तथा सख्ती से बिल की राशि वसूली की जाएगी।

### जिला पंचायत के...

आग्रह किया। बैठक में जिला पंचायत के सभी जनप्रतिनिधिगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई।

### ट्रक ड्राइवर से...

विदित हो कि पुलिस बल की कमी के चलते नगर एवं थाना क्षेत्र सिमगा के ग्रामों में लूटपाट, चोरी, नशीली दवाइयों एवं गांजा की अवैध बिक्री सहित जुआरियों की संख्या बड़ी है। ग्राम हरिनभट्ठा में पिछले दिनों लाखों के जुआ में पुलिस की रेड कार्रवाई के पहले ही जुआरियों को भनक लगते ही जुआरी भाग खड़े हुए और पुलिस बल की कमी के कारण उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा। पेशेवर एवं कुख्यात जुआ अड्डा संचालक जगह बदल बदल कर जुआ अड्डा संचालित करते हैं।

### आपदा पीड़ित परिवारों...

प्रदान की गई है, उनमें शामिल हैंः विजय घृतलहरे पिता स्व. नकुल घृतलहरे, निवासी ग्राम कोसमंदी तहसील पलारी, रेखा बाई पति स्व. मोहनलाल, निवासी ग्राम मोहान, तहसील पलारी, सतवती बाई पति स्व. दिलीप, निवासी ग्राम खैरी तहसील पलारी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### 493 पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप 26 को

**बलौदाबाजार।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 मई को लाइवलीहुड कॉलेज, सकरी बलौदाबाजार में एक विशेष प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें कुल 493 रिक्त पदों के लिए विभिन्न कंपनियों द्वारा भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप में कई प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और वेतनमान के अनुसार विविध अवसर उपलब्ध हैं।

### कारागुला में भीमसेन एकादशी मेला 6 को

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे आदिवासी बाहुल ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी 6 जून शुक्रवार ज्येष्ठ शुक्ला पक्ष को भीमसेनी एकादशी मेला का आयोजन किया गया। यहां पर विराजित महाभारत काल के पांचों पांडव में भीम सेन, अर्जुन, युधिष्टिर समेत माता कुंती, द्रोपती, नकुल व सहदेव इत्यादि की प्रतिमाएं स्थापित है। आयोजक समिति के संयोजक खोलबाहरा निषाद, अध्यक्ष मोतीराम यादव, उपाध्यक्ष पीताम्बर दीवान, सचिव श्रवण कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष भोलाराम निषाद, सहसचिव संतराम ठाकुर समेत ग्रामवासी मेले के तैयारी में जुटे हुए हैं।

## निधन

### योगेश शर्मा



बलौदाबाजार। स्थानीय गांधी चौक निवासी योगेश शर्मा (गुड्डू) पिता सुशील शर्मा का शुक्रवार को निधन हो गया। वे पप्पू शर्मा एवं स्व. अजय शर्मा के छोटे भाई तथा समीर शालीन के चाचा थे।
स्व. योगेश शर्मा के पार्थिव शरीर का रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में शुक्रवार दोपहर 12 बजे अंतिम संस्कार किया गया।

# शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक, शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही सरकार : विधायक

## शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के नियमों पर विधायक साव ने जतायी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश में स्कूलों में शिक्षकों की न्यूनतम संख्या में कटौती और युक्तियुक्तकरण के नए नियमों को लेकर विधायक इन्द्र साव ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल शिक्षा के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता को जानबूझकर कमजोर करने की साजिश है। उन्होंने सरकार पर निजी शिक्षण संस्थानों को लाभ पहुंचाने और सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का आरोप लगाया।

विधायक साव ने सरकार से मांग की कि स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में की जा रही कटौती का आदेश तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

### स्कूलों को बंद करना अव्यवहारिक

उन्होंने कहा कि अब 'युक्तियुक्तकरण' और 'नए सेटअप' के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर, शिक्षकों के पद समाप्त किए जा रहे हैं, जो एक अव्यवहारिक निर्णय है। विधायक ने मांग की कि सरकार पहले शिक्षकों के प्रमोशन और स्थानांतरण के लिए नीति बनाए, फिर इस प्रकार का कोई निर्णय ले।



### प्रभावित होंगे शिक्षक

इन्द्र साव ने चेताया कि स्कूलों को जबरिया बंद करने से न केवल शिक्षक प्रभावित होंगे, बल्कि मिड डे मील योजना से जुड़ी रसोइया, स्लीपर और स्व-सहायता समूह की महिलाओं के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से युवाओं के लिए शिक्षक बनने के अवसर भी सीमित हो जाएंगे, जिससे शिक्षा का स्तर और नीचे जाएगा।

### 58 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इतना बड़ा निर्णय बिना किसी व्यापक चर्चा के लिया है। वर्तमान में प्रदेश में 58 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर माह सैकड़ों शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं और वर्षों से प्रमोशन लंबित है। स्थानांतरण नीति अब तक स्पष्ट नहीं है और समयमान वेतनमान का विवाद भी सुलझाया नहीं गया है।

### एक साल से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई

विधायक साव ने बताया कि सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 5484 स्कूल ऐसे हैं, जो केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि 297 स्कूलों में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है। बीते सवा वर्ष में सरकार द्वारा एक भी शिक्षक की नियमित नियुक्ति नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा के बावजूद उस प्रक्रिया को दुर्भावनापूर्ण ढंग से रोक दिया गया।

## मंजूरी : राजस्व मंत्री व सांसद ने सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया भूमिपूजन

# 33 करोड़ में होगा पड़कीडीह रावन-हिरमी मार्ग का चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



पड़कीडीह-रावन-हिरमी मार्ग के बहुप्रतीक्षित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का भूमिपूजन गुरुवार को ग्राम रबेली में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस योजना के अंतर्गत लगभग 15 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य 33 करोड़ 29 लाख 23 हजार की लागत से किया जाएगा, जिससे पड़कीडीह, रबेली, रावन, सकलोर एवं हिरमी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों को आवागमन में सुगमता मिलेगी।

इस सड़क परियोजना के अंतर्गत तीन पुल-पुलिया का निर्माण एवं बस्ती क्षेत्र में दोनों ओर नालियों का निर्माण भी प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ग्राम रबेली में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख रुपये तथा मुक्ति धाम एवं सीसी रोड निर्माण के लिए 5-5 लाख स्वीकृति की घोषणा की।

### कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्यों को अंजाम दे रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक समय पर पहुंच रहा है। डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में सीधे राशि ट्रांसफर की जा रही है। आने वाले वर्षों में बलौदाबाजार जिले में और भी व्यापक विकास कार्य देखे जाएंगे।



### सड़क और रेल नेटवर्क के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सरकार बुनियादी सुविधाओं, विशेषकर सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप प्रदेश और ग्राम स्तर पर भी योजनाएं बनाई जा रही हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब स्वच्छ पेयजल नल के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला आगामी पांच वर्षों में सड़क और रेल नेटवर्क के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति करेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सिमगा दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल वर्मा, शशि आनंद बंजारे, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद सदस्य पूर्णिमा लहरी, सरपंच सरोज साहू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# समाधान शिविर में 246 बुजुर्गों को मिला 'आयुष्मान वय वंदन कार्ड' का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुशासन तिहार के अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में आयोजित समाधान शिविरों में 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं। अब तक 246 वरिष्ठ नागरिकों के ये कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह कार्ड आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक के कैशलेस स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान करता है।

■ 70 वर्ष या अधिक आयु के नागरिकों का होगा 5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा

शिविर में न केवल आम नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है, बल्कि जो बुजुर्ग किसी कारणवश शिविर में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, उनके घर जाकर भी कार्ड बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने नागरिकों से अपील की है कि जिन वरिष्ठ नागरिकों का कार्ड अब तक नहीं बना है, वे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर पंजीयन करवा लें ताकि शासन की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत संबंधित अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें पुरानी बीमारियों का इलाज भी शामिल है। वर्तमान में जिले के 14 अस्पताल इस योजना से जुड़े हुए हैं।

कार्ड निर्माण का कार्य स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से जारी है। योजना से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए नागरिक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी या टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क कर सकते हैं। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने में सहायता मिल रही है।

# अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष से मिला सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष अमरजीत सिंह चावला से रायपुर में भाटापारा सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं, साथ ही भाटापारा आगमन के लिए सादर आमंत्रण भी प्रदान किया गया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि श्री चावला लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके अनुभव और सेवा भावना को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, जिससे समाज में हर्ष और गौरव का वातावरण है।

सलूजा ने कहा कि श्री चावला का यह पदभार समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है, क्योंकि यह सिख समुदाय की सहभागिता और योगदान को राज्य स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।रायपुर प्रवास के दौरान मुलाकात करने वालों में बलवंत सिंह सलूजा, मनी छाबड़ा, सहज गुंबा, लक्ष्मी नारायण सोनी, नानक गिडवानी सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे। सभी ने एकस्वर में श्री चावला को उनके दायित्व निर्वहन में सहयोग और समर्थन देने का आश्वासन दिया।

# गमी से राहत दिलाने सिंधी महिला मंडल ने बांटा मट्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने सिंधी महिला मंडल द्वारा सेवा कार्य की श्रृंखला में न्यू बस स्टैंड स्थित बब्बू होटल के पास मठ्ठा वितरण किया गया। यह सेवा कार्य सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं सक्रिय रूप से सम्मिलित रहीं।

संस्था की अध्यक्ष सोनी छाबड़िया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शीतल आर्य, सचिव कोमल थदवानी, सहसचिव रेखा माधवानी सहित सोनिया बालानी, आशा सबलानी, कंचन तलरेजा, हीरा कुकरेजा, सुमन गोविंदानी, श्वेता अलरेजा, सुनीता गुरयानी, संजना सबलानी, मयूरा गजरानी, निवेदिता दुलानी, पूनम लखवानी, सिरत भोजवानी, त्रिवेंदर कौर, सिमरन तलवानी आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बालानी, महासचिव राजेश छाबड़िया, पूज्य बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष भीष्म गुरयानी, उपाध्यक्ष सच्चानंद थदवानी, महासचिव नितीन भोजवानी, सचिव महेश चंदानी सहित नंदलाल तनवानी, आत्माराम जोतवानी, वेदप्रकाश थारानी, अन्नू मंगलानी जैसे गणमान्य जन भी उपस्थित रहे। सिंधी महिला मंडल द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्य नगर में आयोजित किए जाते हैं, जो सामाजिक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त उदाहरण हैं। संस्था ने आश्वस्त किया कि आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# सरपंच ने मानसून पूर्व कराई नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ग्राम पंचायत ओटगन में सरपंच द्वारा मानसून के पूर्व की तैयारी युद्ध स्तर पर करायी जा रही है, ताकि बरसात के दिनों में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। सरपंच हिमांशु तिवारी ने बताया कि बारिश के दिनों में लोगों को मुलभुत सुविधा उपलब्ध हो सके, इसलिए बरसात के पहले नालियों की साफ सफाई करायी जा रही है। इस मौसम में सामान्यतः बिजली तार ढ़ीले होने के कारण टूट जाने का खतरा बना रहता है, साथ ही पानी निकासी की समस्याएं अधिक रहती है। गलियों में जल भराव न हो इन सबका भी उचित प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम के गलियों एवं मुख्य मार्ग में यत्र यत्र फैले कुड़े कचरे के ढ़ेर तथा नालियों की साफ सफाई, बिजली खंभों से ढ़ीले व लटकते विद्युत तारों का दुरुस्तीकरण का कार्य प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। साथ ही साथ ग्राम के मुख्य मार्ग में निर्मित प्रवेश द्वार का जिर्णोद्धार करते हुए रंग रोगन भी कराया गया है।

## कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राएं किए गए सम्मानित

# लगी संध्या चौपाल, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



सुशासन त्यौहार में हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने संध्या चौपाल का आयोजन पंचायतों में किया जा रहा है। इस संध्या चौपाल में सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं। इससे अब सरकार एवं आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद भी हो रहा है। जिला एवं जनपद प्रशासन की दिशा निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भरुवाडीह में सुशासन दिवस संध्या चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच नरेंद्र कश्यप, उपसरपंच भाव सिंह जांगड़े, पटवारी नरेश बंजारे, प्रधान पाठक श्याम ध्रुव, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात सभी विभाग प्रमुख द्वारा अपने-अपने विभाग के माध्यम से संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आमजनों को दिए। इसी बीच ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र के प्रतिभावान एवं होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता पिता का नाम रोशन करने वाले एवं शाला परिवार एवं ग्राम पंचायत को गौरवान्वित करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल शील्ड एवं पेन देकर सम्मानित किया गया।

ग्राम पंचायत द्वारा की गई पहल एवं भव्य प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम होने के कारण ग्रामीणों ने भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिय। ऐसे कार्यक्रम के लिए ग्रामीण एवं पालकों द्वारा पंचायत की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। सम्मान समारोह एवं संध्या चौपाल में सरपंच नरेंद्र कश्यप, उपसरपंच भावसिंह जांगडे, सचिव हरिकिशन वर्मा, पंच प्रभाकर मिश्रा, पुष्पा साहू, कविता यादव, सूरज बंजारे, अनीता यादव, टीना बाई ध्रुव, कमलेश्वरी यादव, अशोक साहू, रिखीराम ध्रुव, अश्वनी सागरवंशी, छविराम डांडेकर आदि का विशेष सहयोग रहा।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून, 14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411